# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नोएडा

## समाचारिका

Volume 3, Issue- 2/ 2023-24


# नयी शिक्षा की बात


**ACCREDITED NAAC B+ | NOIDA, UTTAR PRADESH, INDIA | WWW.GPGC.IN**




### मिशन शक्ति 4.0

दिनांक 16 .10 .2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नोएडा में प्राचार्य प्रोफेसर राजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ और गोष्ठी का आयोजन हुआ। मिशन शक्ति नोडल अधिकारी डॉ अनिता कुमारी ने छात्रों को बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई व मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डा शालिनी सोनी ने परामर्श सत्र का आयोजन किया और छात्राओं को खुलकर अपनी बात कहने के लिए प्रेरित किया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ पारुल कौशिक ने कार्यक्रम में लैंगिक समानता पर व्याख्यान दिया और कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों ही जीवन के महत्वपूर्ण स्तंभ है और दोनों सम्मान से ही एक दूसरे के साथ रह सकते हैं। डॉ मंजू जैन द्वारा छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया। प्राचार्य महोदय ने छात्रों को बालिका सुरक्षा शपथ का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी और मिशन शक्ति मॉडल अधिकारी डॉ अनीता कुमारी ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। दिनांक 19. 10. 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नोएडा में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के द्वारा मिशन शक्ति अभियान 4.0 के अंतर्गत बालिका हेल्थ क्लब के तत्वाधान में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। फाइट क्लब नोएडा से ट्रेनर सरिता कुमारी ,सुषमा कुमारी और साधना व ब्लैक ड्रैगन कराटे क्लब से मधु पांडे ने कार्यशाला में महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु karate का प्रशिक्षण दिया। बालिका हेल्थ क्लब की संयोजक डॉ रेनू तोमर और मिशन शक्ति नोडल अधिकारी डॉ अनीता कुमारी ने कार्यशाला का आयोजन कराया।

### सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नोएडा में प्राचार्य प्रोफेसर राजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्य महोदय के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को सलामी दी गई। एन सी सी कैडेट्स के द्वारा मार्च पास्ट के पश्चात डॉ शैली श्रीवास्तव ने उच्च शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश का संदेश वाचन किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र छात्राओं रौनक, गीतांजली, जूही, संध्या, मुस्कान, आयशा, नीतू, नेहा, अनीश, अमन ने देश भक्ति गीत, कविता, भाषण, आदि प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के थियेटर क्लब के तत्वावधान में आसिफ एवं ग्रुप के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। डॉ रेनु तोमर के दिशा निर्देशन में शारीरिक शिक्षा के छात्र छात्राओं द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला योगा पिरामिड डांस किया गया। संगीत विभाग अध्यक्ष डॉ आकांक्षा तिवारी के निर्देशन में समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा महाविद्यालय के छात्र छात्राएं अमर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए देशभक्ति एवं समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि छात्रों के कौशल विकास हेतु महाविद्यालय में ऑर्गेनिक फार्मिंग, पढ़ाई के साथ कमाई व अन्य कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। साथ ही सभी के संवेगात्मक विकास हेतु खुशी की पाठशाला योजना भी चलाई जाएंगी जिससे महाविद्यालय परिवार व जनसामान्य भी लाभान्वित हो सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ मंजू शुक्ला के द्वारा किया गया। एनसीसी अधिकारी डॉ लेफ्टिनेंट सूक्ष्म रानी अनेजा ने समस्त महाविद्यालय परिवार को पंच-प्रण की शपथ दिलाई। डॉ दिनेश चंद्र, डॉ अनीता मिश्रा, डॉ संघमित्रा , राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता कुमारी एवं डॉ धर्मेंद्र कुमार, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रिया बजाज और डॉ पारुल कौशिक के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया । डॉ कविता चौधरी, डॉ मंजू जैन के द्वारा मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



### असली चैम्पियन वह है जो सर्वाधिक प्रयास करता है

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नोएडा में प्राचार्य प्रोफेसर राजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपललक्ष्य में दिनांक 25. 8. 2023 से 29. 8. 2023 तक विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ रेनू तोमर के द्वारा इन दिवसों में स्पोर्ट्स क्विज, निबंध प्रतियोगिता, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज एवं योग प्रशिक्षण कराया गया। इसी के साथ प्रत्येक दिवस छात्र छात्राओं को योग एवं मार्शल आर्टस प्रशिक्षण के लिए कक्षाओं का आयोजन किया गया है। इन प्रतियोगिताओं के आयोजन में सरिता, साधना, मधु पांडे, लोरी, रोहित यादव, विकास गिरी समेत छात्र छात्राओं का प्रमुख योगदान रहा प्राचार्य महोदय ने कहा कि खेल भावना के साथ छात्रों को विभिन्न क्रीडा गतिविधियों में प्रतिभा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल के द्वारा छात्रों का संपूर्ण सर्वांगीण विकास होता है और वे प्रसन्नचित रहते हैं ,ऊर्जा से भरे रहते हैं। कीड़ा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेनू तोमर ने छात्र-छात्राओं को उर्जा के साथ खेल कूद में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी प्रोफेसर मंजू शुक्ला ने कहा कि खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके छात्र छात्राएं देश का नाम रोशन करते हैं और अच्छा भविष्य बनाते हैं। इस अवसर पर प्रो दिनेश चंद, प्रो अनीता मिश्रा, प्रोफेसर शैली श्रीवास्तव समेत समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



### हिन्दी ईश्वर का वरदान

14 सितंबर 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोएडा में प्राचार्य प्रो० राजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता, आशु भाषण, कवि सम्मेलन, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'राष्ट्र भाषा हिन्दी मेरा गौरव, मेरा मान'। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता की। अंजली, काजल,सुमन,आरती, नेहा, श्वेता मिश्रा, हैप्पी लोहिया, संध्या, रितिका, शिवानी, काजल, खुशी और मानसी मौर्या आदि छात्र छात्राओं ने अपने विचारों की सुंदरतम प्रस्तुति को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। हिन्दी दिवस के इस अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ० कविता चौधरी, डॉ० अनीता कुमारी, डॉ० नीतू अवस्थी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो० मंजू शुक्ला ने किया।






## तनाव मुक्त परीक्षा

दिनांक 16 दिसंबर, 2023 को वैदिक क्लब प्रभारी लेफ्टिनेंट (डॉ) सूक्ष्म रानी अनेजा के द्वारा "तनाव मुक्त परीक्षा' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर इस्कॉन यूथ फोरम के युवा प्रचारक श्री मान माधव चरण दास जी ने मुख्य वक्ता के रूप में  छात्र छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को वास्तविकता से दूर रहने से ही तनाव होता है। रील और रियल जीवन में अंतर समझना तथा अपने जीवन के उद्देश्य को जानना अत्यंत आवश्यक है। उन्होनें भगवद गीता के छठे अध्याय के छठे श्लोक के बारे में बताया जिसमें मन के नियंत्रण के बारे में बताया गया है कि मन ही हमारा मित्र भी है और शत्रु भी। भगवद गीता से हमें स्वयं को और मन को तथा उनकी आवश्यकताओं को समझने में मदद मिलती है जिससे हम खुश रह सकते हैं। हमारा पहला कर्तव्य पढ़ना ही है बाकी सब बाद में। बुरे लोगों के साथ रहने से अच्छा अकेले रहना है। प्राचार्य सर ने 80:20 नियम बताया कि जीवन में सम्पूर्ण कार्य में से 20% ही महत्वपूर्ण होता है अतः महत्वपूर्ण कार्यों पर ही ज्यादा ध्यान देना चाहिए। रौनक राज, गौरी, देवांश, आदित्य, मंगला, कोमल आदि छात्र छात्राओं ने विषय से सम्बंधित जिज्ञासाओ को मुख्य वक्ता के सामने रखा। इस अवसर पर डॉ नीतू अवस्थी, डॉ अपर्णा गौतम और डॉ प्रतिभा रानी यादव, सहित सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## सुरक्षा जीवन रक्षा

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोएडा में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) राजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में 17 से 31 जुलाई तक सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत  सड़क सुरक्षा जागरूकता  कार्यक्रम के अंतर्गत "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" विषय पर अनेक प्रतियोगिताओं जैसे निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, कविता वाचन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, रैली व शपथ का आयोजन किया गया। आज दिनांक 01. 08. 2023 को आयोजित  प्रतियोगिताओ का परिणाम इस प्रकार रहा। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व  सांत्वना स्थान  पर क्रमशः रानी यादव, रीना माथुर, रिंकी श्रीवास और आमिर अंसारी रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर शिवानी, रानी यादव और आसिफ रहे। कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रौनक राज व रानी यादव रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान पर कीर्ति शर्मा, प्रियंका नायक, रौनक राज व सुजाता रहे। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सभी को यातायात के नियमों का पालन करने और जीवन को सुरक्षित करने हेतु  संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने समस्त महाविद्यालय परिवार को सड़क सुरक्षा  संबंधी यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षा संकेतों की अनदेखी ना करने व सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि यदि हम सतर्क होंगे तो सड़क दुर्घटनाओं के घातक परिणामों से स्वयं भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित रखेंगे । महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा  समिति की संयोजक डॉ कविता सिंह चौधरी, सह-संयोजक डॉ रेनू तोमर व सदस्यों डॉ अपर्णा, डॉ पारुल कौशिक व डॉ दिलीप ने किया।




## हेल्प डेस्क

दिनांक 01. 08. 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोएडा में प्राचार्य डॉ राजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में "मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक प्रकोष्ठ तथा कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ" के तत्वावधान में एक हेल्प डेस्क का निर्माण किया गया जिसमें प्रकोष्ठ के छात्र प्रतिनिधियों ने नवागंतुक छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को प्रवेश संबंधी विभिन्न जानकारियां प्रदान की तथा आवेदन पत्र व संबंधित प्रारूप इत्यादि भरने करने हेतु सहायता प्रदान की। प्राचार्य ने हेल्प डेस्क के छात्र छात्राओं के कार्यों का निरीक्षण किया व उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मेंटरिंग प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ शैली श्रीवास्तव तथा कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ शालिनी सोनी व प्रकोष्ठ के सदस्यों डॉ अनिता कुमारी,डॉ कविता चौधरी, डॉ अंजनी रानी, डॉ रविकांत, डॉ रेनू तोमर व डॉ अपर्णा समेत समस्त प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

## पेड़ो का त्यौहार

दिनांक 07-07-2023 को प्रोफेसर  राजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण व दिशा निर्देशन में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इको रेस्टोरेशन क्लब कि अधिकारी डॉक्टर संघमित्रा,एनएसएस अधिकारी डॉ अनिता कुमारी तथा डॉ धर्मेंद्र कुमार, एनसीसी अधिकारी  लेफ्टिनेंट डॉक्टर सूक्ष्म रानी अनेजा तथा डॉप्रतिभा रानी यादव, रोवर्स -रेंजर्स अधिकारी डॉ पारुल कौशिक तथा डॉ प्रिया बजाज ने अपनी इकाइयों के माध्यम से सभी छात्रों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया।महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया। छात्र छात्राओं ने विभिन्न स्थानों यथा अपने घर ,आसपास की गलियों, सड़कों के किनारे, पार्क निर्जन स्थानों एवं वृक्ष रहित स्थानों पर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों  ने बड़ी संख्या में पौधे लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## पर्यावरण संरक्षण अभियान

दिनांक 09. 12. 2023 अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्गत "पर्यावरण संरक्षण अभियान"  में स्लोगन गतिविधि व पौधारोपण गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया व बोगेनवेलिया पौधे  से संबंधित विभिन्न तथ्य साझा किए और अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु सभी को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता ने छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और जागरूक रहना चाहिए और निरंतर इसके संरक्षण हेतु तरह-तरह की गतिविधियो के माध्यम से पर्यावरण में प्रदूषण के स्तर को कम करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शैली श्रीवास्तव, डॉ प्रिया सिंह और डॉ अपर्णा द्वारा किया गया।



## कंप्यूटर बेसिक्स त्रिदिवसीय कार्यशाला

दिनांक 29. 08. 2023 को कंप्यूटर साइंस विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "हकदर्शक एंपावरमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा "कंप्यूटर बेसिक्स" विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला के प्रथम दिवस में मॉड्यूल- डिजिटल लिटरेसी के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर पर कार्य करने, ऑनलाइन कम्युनिकेशन करने, इनफॉर्मेशन ऐक्सेस करने इत्यादि के विषय में कार्य करना सिखाया गया। कार्यशाला का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शैली श्रीवास्तव, डॉ प्रिया सिंह, डॉ अपर्णा व कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ एस पी सिंह द्वारा किया गया।



## देव भाषा संस्कृत

संस्कृत विभागाध्यक्ष नीतू अवस्थी द्वारा 1 से 3 सितंबर संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत  संस्कृतभाषायाः महत्वं विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी० ए० प्रथम वर्ष के छात्र रौनक राज ने द्वितीय स्थान बी०ए० प्रथम वर्ष की प्रिंसी शुक्ला तथा तृतीय स्थान बी०ए० वर्ष के ध्रुव कुमार ने प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य जी छात्र-छात्राओं को संस्कृत भाषा का महत्व बताते हुए कहा कि संस्कृत भाषा आज भारत में ही नहीं अपितु विदेश में भी पढ़ाई जाती है जर्मनी में वेदों के मंत्रों का भी पाठ कराया जाता है।



## पी एच डी उपाधि हेतु आयोजित मौखिक परीक्षा

दिनांक 18. 11. 2023 को हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मंजू शुक्ला निर्देशन में पी एच डी हेतु शोधरत छात्रा सुश्री निधि राज भड़ाना ने शोध उपाधि हेतु आयोजित मौखिक की परीक्षा मे 'मनु शर्मा के महाभारत कालीन उपन्यासों मे आधुनिक बोध' विषय पर शोध ग्रन्थ का प्रस्तुतिकरण दिया। छात्रा निधिराज भड़ाना ने विषय सम्बन्धी अपने शोध कार्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और परीक्षक प्रोफेसर मोहम्मद अब्दुल अलीम, अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ द्वारा पूछे गये प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव कुमार गुप्ता ने प्रोफेसर मंजू शुक्ला व शोधार्थी छात्रा को इस सारगर्भित शोध हेतु शुभकामनायें प्रदान की तथा परीक्षक प्रो अब्दुल अलीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो दिनेश चंद, प्रो शैली श्रीवास्तव समेत समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मंजू शुक्ला निर्देशन में पी एच डी हेतु शोधरत छात्रा सुश्री निधि राज भड़ाना ने शोध उपाधि हेतु आयोजित मौखिक की परीक्षा मे 'मनु शर्मा के महाभारत कालीन उपन्यासों मे आधुनिक बोध' विषय पर शोध ग्रन्थ का प्रस्तुतिकरण दिया। छात्रा निधिराज भड़ाना ने विषय सम्बन्धी अपने शोध कार्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और परीक्षक प्रोफेसर मोहम्मद अब्दुल अलीम, अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ द्वारा पूछे गये प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव कुमार गुप्ता ने प्रोफेसर मंजू शुक्ला व शोधार्थी छात्रा को इस सारगर्भित शोध हेतु शुभकामनायें प्रदान की तथा परीक्षक प्रो अब्दुल अलीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो दिनेश चंद, प्रो शैली श्रीवास्तव समेत समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।





## ओखला बर्ड सैंक्चुअरी नई दिल्ली भ्रमण

दिनांक 04. 12. 2023 को वनस्पति विज्ञान जंतु विज्ञान तथा माइक्रोबायोलॉजी विभाग से बीएससी बायोलॉजी ग्रुप तथा एमएससी जूलॉजी के छात्र-छात्राओं का एक शैक्षणिक भ्रमण ओखला बर्ड सैंक्चुअरी नई दिल्ली ले जाया गया इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत यहां पर छात्र-छात्राओं को पहले पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा बर्ड सैंक्चुअरी पर एक मनोरंजक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके पश्चात भ्रमण आरंभ किया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे एवं जीव जंतुओं की जैव विविधता को देखा साथ ही साथ कुछ कीड़े मकोड़े एवं पेड़ पौधों जैसे शैवाल फाइटो प्लांट ड्रैगनफ्लाई इत्यादि का कलेक्शन भी किया। साथ ही साथ विभिन्न स्थानों से झील के पानी का सैंपल भी लिया जिनका प्रयोगशाला में माइक्रो आर्गनिज्म के लिए अध्ययन किया जाएगा छात्र-छात्राओं ने अनेक माइग्रेटरी बर्ड्स का भी को भी देखा। इस शैक्षणिक भ्रमण में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और मनोरंजन के साथ-साथ काफी ज्ञानवर्धक जानकारी भी एकत्र की । इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन डॉक्टर अंजनी रानी डॉक्टर संघमित्रा डॉक्टर कविता सिंह चौधरी तथा डॉक्टर प्रिया बजाज के संरक्षण में किया गया



## मतदाता जागरूकता

दिनांक 23. 11. 2023 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य महोदय ने छात्र-छात्राओं को स्वस्थ राष्ट्र व समाज के निर्माण में मतदान के महत्व के विषय में परिचित कराया व 18 वर्ष से ऊपर के सभी छात्र-छात्राओं को वोटर आईडी कार्ड बनवाने व मतदान में अवश्य प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया और साथ ही यह कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने परिवार व पास पड़ोस में सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। छात्र छात्राओं ने पोस्टर आदि के माध्यम से मतदान के विषय में अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम का आयोजन डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ अनिता कुमारी व डॉ दिलीप कुमार ने किया। कार्यक्रम में डॉ अनीता मिश्रा समेत समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा



## महाविद्यालय ऑर्गेनिक सब्जियों का उत्पादन

दिनांक 25.1.2023 को स्किल डेवलपमेंट कोर्स -ऑर्गेनिक फार्मिंग के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं द्वारा आर्गेनिक सब्जियों जैसे मेथी, पालक, मूली, धनिया इत्यादि का उत्पादन किया गया और छात्र-छात्राओं जैविक खेती द्वारा सब्जियों का उत्पादन और उनके रखरखाव का प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता ने छात्र-छात्राओं के उत्तम प्रदर्शन की सराहना की और और स्टार्टअप के रूप में जैविक खेती को अपनाने हेतु जागरूक किया। स्किल डेवलपमेंट कोर्स ऑर्गेनिक फार्मिंग के संयोजक डॉ रविकांत, सहसंयोजक डॉ अपर्णा व सदस्य डॉ अंजनी रानी, डॉ संघमित्रा, डॉ कविता चौधरी, डॉ प्रिया बजाज व डॉ धर्मेंद्र इत्यादि ने छात्र-छात्राओं को जैविक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## पर्यावरण संरक्षण अभियान

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नोएडा के पुस्तकालय में दिनांक 29. 11. 2023 से 01. 12. 2023 तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पुरानी अखबार से लिफाफे तथा बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया यह प्रशिक्षण पॉलिथीन बैग के उपयोग को कम करने के लिए एक स्टार्टअप शुरू करने के लिए दिया गया। महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्र छात्रों ने काफी संख्या में पुराने अखबारों से पेपर बैग तैयार किये। वर्कशॉप के आखिरी दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजीव गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को इस कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरीके से आप पढ़ाई के साथ-साथ कमाई भी कर सकते हैं तथा आगे जीवन में इस तरह के कार्यों के साथ आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस अवसर पर डॉ अनिता मिश्रा नें भी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। वर्कशॉप का आयोजन डॉ मंजू जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर, पुस्तकालय विभाग के निर्देशन में किया गया।

## दीपोत्सव' का आयोजन

दिनांक 09. 11. 2023 को इनोवेशन सेल व स्टॉफ क्लब के अंतर्गत 'दीपोत्सव' का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदय, प्राध्यापक, कर्मचारीगण व छात्र छात्राओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर दीप ज्योति से सम्पूर्ण महाविद्यालय को प्रकाशित किया गया व दीपावली के त्यौहार का शुभारम्भ किया गया। छात्र-छात्राओं हेतु क्विज आदि कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई व छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया।छात्र-छात्राओं ने बोलती दीवार के माध्यम से अपनी भावनाओं को शब्दों के रूप में चित्रित किया। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको व कर्मचारियो को प्लांटर उपहार स्वरुप प्रदान किया और सभी को दीपावली का उत्सव मानते समय अपने वातावरण को ध्यान मे रखकर ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण करने से बचना चाहिए व स्नेह प्रेम से इस त्यौहार को मनाना चाहिए। इस कार्यक्रम का आयोजन इनोवेशन सेल की प्रभारी डॉक्टर अंजनी रानी, स्टाफ क्लब की प्रभारी डॉ अपर्णा गौतम तथा सदस्य डॉक्टर प्रिया बजाज, डॉ कविता सिंह चौधरी, लेफ्टिनेंट डॉ सूक्ष्म रानी अनेजा, डॉ प्रतिभा, डॉ पारुल कौशिक तथा डॉक्टर दिलीप कुमार के द्वारा किया गया इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि जिस प्रकार दीपावली के पर्व पर दीपक अपनी ज्योति से समस्त अंधेरों को मिटा देते हैं इसी प्रकार महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विश्व पटल पर अपने ज्ञान की ज्योति से समस्त अंधकारों को मिटा देंगे। इस अवसर पर प्रोफेसर दिनेश चंद्र, प्रोफेसर शैली श्रीवास्तव, प्रोफेसर मंजू शुक्ला, प्रोफेसर अनीता मिश्रा एवं डॉक्टर शालिनी सोनी सहित अन्य समस्त प्राध्यापकों ने भी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान किया और दीप प्रज्वलन कर तामसो मा ज्योतिर्गमय की अवधारणा को सिद्ध किया।






## हमारे राम

दिनांक 20.01.2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोएडा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के दिशा निर्देशन में "हमारे राम" विषय पर कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता व अभिव्यक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं में ऋतिक दुबे, निशांत कुमार, जूही, नेहा,श्वेता मिश्रा, कमल भट्ट, रानी यादव, रौनक राज,नेहा, रीना माथुर, प्रीति राय व कुमारी शिवानी इत्यादि ने "हमारे राम" विषय पर विभिन्न प्रकार के आकर्षक पोस्टर बनाए व स्लोगन के रूप में श्री राम से संबंधित सूत्र वाक्य प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सकारात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बनाए रखते हुए श्री राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जीवन में सत्य वचन और कर्तव्य पालन की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ मंजू शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को श्री राम के जीवन व्यक्तित्व से सीखने हेतु व कर्तव्य पालन करने हेतु प्रेरित किया उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के अनुपालन में 'श्री राम मंदिर- अयोध्या' पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया।



## पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता

दिनांक 14 सितंबर 2023 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोएडा में प्राचार्य प्रो० राजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता, आशु भाषण, कवि सम्मेलन ,निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'राष्ट्र भाषा हिन्दी मेरा गौरव, मेरा मान'। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता की। अंजली, काजल, सुमन, आरती, नेहा, श्वेता मिश्रा, हैप्पी लोहिया, संध्या , रितिका, शिवानी, काजल, खुशी और मानसी मौर्या आदि छात्र छात्राओं ने अपने विचारों की सुंदरतम प्रस्तुति को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। हिन्दी दिवस के इस अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ० कविता चौधरी, डॉ० अनीता कुमारी, डॉ० नीतू अवस्थी आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो० मंजू शुक्ला ने किया।

## वूमेन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम

आज दिनांक 23 जनवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नोएडा में प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर राजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण में जंतु विज्ञान विभाग एवं इनोवेशन तथा इनक्यूबेशन सेल एवं TBI काइट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में डिपार्मेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के द्वारा प्रायोजित वूमेन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम की 3 वीक्स ऑनलाइन कार्यशाला का शुभारंभ किया गया यह कार्यशाला 23 जनवरी से प्रारंभ होकर 13 फरवरी तक चलेगी कार्यक्रम का आयोजन एमएससी की छात्राओं में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट हेतु किया गया महाविद्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर अंजनी रानी डॉक्टर प्रिया बजाज एवं डॉक्टर दिलीप कुमार के द्वारा किया गया डॉ अंजनी रानी ने इस कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला इसके पश्चात काइट ग्रुप की ओर से श्री अवधेश कुमार एवं प्रदीप कुमार द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं मुख्य थीम से छात्राओं को अवगत कराया गया प्राचार्य सर ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को एंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रेरित किया और एंटरप्रेन्योरशिप को आने वाले समय की आवश्यकता बताया इस अवसर पर प्रोफेसर अनीता मिश्रा प्रोफेसर शैली श्रीवास्तव डॉ रविकांत डॉक्टर एसपी सिंह डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा

## निबंध एवं जैव विविधता पर पोस्टर प्रतियोगिता

एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति के अंतर्गत अधिकारी डॉक्टर अपर्णा गौतम व संयोजक डॉक्टर प्रिया सिंह के दिशा निर्देशन में विभिन्न गतिविधियों जैसे मेघालय के प्रमुख त्योहार विषय पर निबंध प्रतियोगिता मेघालय एवं जैव विविधता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता मेघालय की कलवा हस्तशिल्प विषय पर कोलाज प्रतियोगिता मेघालय का इतिहास विषय पर कुछ प्रतियोगिता मेघालय की कला और संस्कृत विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता व मेघालय की विरासत पर फ्रेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

## मेघालय के प्रमुख त्योहार

एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति के अंतर्गत सलाहकार डॉ अनिता मिश्रा, नोडल अधिकारी डॉ अपर्णा गौतम, संयोजक डॉ प्रिया सिंह, सह संयोजक डॉ संघमित्रा व सदस्य डॉ प्रतिभा यादव व डॉ आकांक्षा तिवारी के दिशा निर्देशन में विभिन्न गतिविधियों जैसे "मेघालय के प्रमुख त्योहार" विषय पर निबंध प्रतियोगिता, "मेघालय एवं जैव विविधता" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, "मेघालय की कला व हस्तशिल्प" विषय पर कोलाज प्रतियोगिता, "मेघालय का इतिहास" विषय पर क्विज प्रतियोगिता, "मेघालय की कला और संस्कृति" विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता व "मेघालय की विरासत" पर फ्रेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

दिनांक 25. 01. 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नोएडा में "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" के अवसर पर आयोजित 'नमो नवमतदाता सम्मेलन ' के संदर्भ में प्रधानमं त्री नरेंद्र मोदी जी का युवा मतदाताओं के साथ संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ आर के गुप्ता ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान के अधिकार के महत्व एवं सार्थकता को समझाया तथा आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मताधिकार के लिए आह्वान किया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के श्री नरेंद्र भाटी जी ने सरकार की उपलब्धियां एवं योगदान पर चर्चा करते हुए सभी को मतदान के माध्यम से सही सरकार चुनने हेतु प्रेरित किया। एन एस एस -छात्र इकाई प्रभारी डॉ धर्मेंद्र सिंह तथा छात्रा इकाई प्रभारी डॉक्टर याचना त्यागी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ धर्मेंद्र सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को अपने परिवार, समाज एवं आसपास के सभी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए तैयार किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र भाटी एवं प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में मतदाता शपथ ली गई। कार्यक्रम के आयोजन में प्रो डॉ मंजू शुक्ला, डॉ पारुल ए कौशिक सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।